# राज्यपाल सचिवालय
## राजभवन, जयपुर

क्रमांकः एफ19(12)राभ/पार्ट/ 1761 दिनांकः 21-2-19

## खुली बोली आमंत्रण सूचना
### खुली बोली आमंत्रण सूचना सं.14/2018–19

राजभवन, जयपुर में कार्य आधार पर **"आठ (8) कम्प्यूटर सिस्टम मय दक्ष ऑपरेटर (मशीन विद् मैन)"** दर अनुबन्ध पर सेवा उपलब्ध करने हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजिकृत बोलीदाता/संवेदकों, जो कि कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी), आयकर (पेन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958, या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932, के अन्तगर्त या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956, अन्तर्गत पंजिकृत हो, से खुली बोली (तकनीकी– वाणिज्यिक–परिशिष्ट "अ" में एवं वित्तीय बोली परिशिष्ट "ब") पृथक–पृथक मुहर बन्द लिफाफों में आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | विवरण | कार्य की अनुमानित वार्षिक लागत राशि रू. | बोली प्रतिभूति राशि रूपये | बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रूपये) | बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि एवं समय | बोली खोलने की तिथि एवं रागय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजभवन, जयपुर में आठ (8) कम्प्यूटर सिस्टम मय दक्ष ऑपरेटर (मशीन विद् मैन) उपलब्ध कराये जाने हैं। | 9,90,000/– | 19800/– | 200/– | 27.02.2019 01.00 PM | 27.02.2019 03.00 PM |

(1.) बोली आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज विभागीय वेबसाईट www.rajbhawan.rajasthan.gov.in व राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर दिनांकः 21.02.2019 को अपरान्ह 12.00 बजे से देखी जा सकती है एवं डाउन लोड भी कर सकते हैं।

(2.) बोली प्रतिभूति राशि एवं बोली प्रपत्र शुल्क राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर के नाम से तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली के लिफाफे के साथ संलग्न किया जाना है।

(3.) तकनीकी–वाणिज्यिक एवं वित्तीय बोली पृथक–पृथक लिफाफों में दिनांक 27.02.2019 को मध्यान्ह 01.00 बजे तक स्वीकार की जावेगी तथा उसी दिन दोपहर पश्चात 3.00 बजे तकनीकी–वाणिज्यिक बोली राजभवन में उपस्थित बोलीदाताओं/संवेदकों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।

(4.) किसी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।

(प्रवीण कुमार लेखरा)
उप सचिव
राज्यपाल सचिवालय

क्रमांकः एफ19(12)राभ/पार्ट/ 1762-67
दिनांकः 21-2-19

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित है:–

1. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर को एक राज्य स्तरीय व एक क्षेत्रीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु।
2. वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी (IT) राजभवन, जयपुर को खुली निदिवा सूचना दस्तावेजों को राजभवन पोर्टल www.rajbhawan.rajasthan.gov.in तथा राज्य सरकार के स्टेट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर शीघ्र अपलोड कराने हेतु।
4. जन सम्पर्क अधिकारी, सूचना एवं जन सम्पर्क (प्रकोष्ट), राजभवन, जयपुर, को निदेशालय जन सम्पर्क विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर से समन्वय स्थापित कर शीघ्र प्रकाशन कराने हेतु।
5. पुस्तकालयाध्यक्ष, राजभवन, जयपुर को खुली निविदा सूचना विज्ञापन के प्रकाशित दैनिक समाचार पत्रों की कटिंग कर लेखा शाखा में भिजवाये जाने की व्यवस्था कराने हेतु
6. नोटिस बोर्ड, राजभवन, जयपुर।

उप सचिव
राज्यपाल सचिवालय

Desktop/Acc.letter/2018

परिशिष्ट "अ"

## राज्यपाल सचिवालय
## राजभवन, जयपुर

### तकनीकी– वाणिज्यिक बोली प्रपत्र

1. बोलीदाता / संवदेक का नाम ..........................................................
2. डाक का पता ..........................................................

..........................................................

3. फोन / मोबाईल नं0 ..........................................................
4. ई–मेल ..........................................................
5. बैंक का नाम ..........................................................
   IFSC Code ..........................................................
   खाता संख्या ..........................................................
6. बोलीदाता / संवेदक द्वारा निम्नालिखित पंजीकरण का विवरण निर्धारित कॉलम्स में प्रस्तुत किया जावेगा तथा उक्त पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ लगानी होगी:–

| क्र.सं. | पंजीकरण विवरण | रजि.सं. | वर्ष पंजीकरण दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन की प्रति।* | | | |
| 2. | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952* | | | |
| 3. | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 | | | |
| 4. | माल एवं सेवाकर (GST) | | | |
| 5. | आय कर (पैन नम्बर) | | | |
| 6. | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958<br>या<br>इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 के अन्तगर्त<br>या<br>इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तगर्त | | | |

**नोटः–** * यदि नियमों के अन्तर्गत बोलीदाता पंजीकरण बाध्यतता की सीमा में नही है तो वह तद्नुसार वचन–पत्र (Undertaking) प्रस्तुत करते हुए बोली में भाग ले सकता है।

7. बोलीदाता / संवेदक द्वारा गत 2 वित्तीय वर्ष (2016–17 व 2017–18) में केन्द्र / राज्य के राजकीय विभाग / उपक्रम / स्वायत्त संस्थाए / परियोजनाए / बोर्ड / समिति / आयोग / शिक्षण संस्था / बैंकों में न्यूनतम 8 कम्प्यूटर प्रिन्टर मय प्रशिक्षित कार्मिक एक ही समयावधि में कम से कम एक वर्ष तक निरन्तर सफलतापूर्वक उपलब्ध करवाये जाने का अनुभव होना आवश्यक है, जिसका निम्नालिखित विवरणानुसार निर्धारित कॉलम में अंकन

कर संबंधित दस्तावेज की स्वहस्ताक्षरित प्रति स्कैन कर बोली दस्तावेजो के साथ लगाना होगाः–

| क्र.सं. | विभाग / संस्थान का नाम | उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक का आदेश विवरण एवं संख्या | उपलब्ध करवाये कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक की समयावधि | संबंधित विभाग / संस्थान से जारी संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र का अंकन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |

8. बोली / संवेदक द्वारा गत 2 वित्तीय वर्ष (2016–17 व 2017–18) में से किसी एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम टर्नऑवर 12 लाख रूपये होना चाहिए। जिसके समर्थन में चार्टेट अकाउन्टेंट द्वारा ऑडिटेड विवरण पत्र / बैंलेस सीट की स्वहस्ताक्षरित प्रति स्कैन कर बोली दस्तावेजों के साथ संलग्न करवाना आवश्यक है।
9. बोली प्रतिभूति राशि रूपये 19800 /– एवं बोली प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 200 /– का डिमाण्ड ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर के नाम से तकनीकी–वाणिज्यिक बोली के लिफाफे के साथ संलग्न की जानी है।
10. निम्नांकित दस्तावेज के अभाव में बोली निरस्त करने योग्य है। आवश्यक दस्तावेज जो संलग्न किये जाने है, का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| S.N. | Type of Certificate & Other informations | Yes/ No | Date of issue/ Validity |
|---|---|---|---|
| 1- | Whether Bid document fee is submitted with the technical Bid. Provide details: Banker Cheque/ DD no……… dt…………......... Rs. ...................... | | |
| 2- | Whether Bid Security fee submitted with technical Bid. provide details: DD/Banker Cheque/Challan receipt no……… dt………… amount ……………... Rs. .......................... | | |
| 3- | Whether a copy of registration certificate (Contract Labour(Regulation and abolition)act, 1970) enclosed with the technical bid | | |
| 4- | Whether a copy of registration certificate (Employee Provident fund act, 1952) enclosed with the technical bid | | |
| 5- | Whether a copy of registration certificate (Employee Insurance act, 1948) enclosed with the technical bid | | |
| 6- | Whether a copy of registration certificate (Rajasthan Shop and commercial estabilishment act, 1958) enclosed with the technical bid | | |
| 7- | Whether a copy of PAN (Parmanent Account number) card is submitted with the technical bid | | |
| 8- | Whether experiance certificate enclosed with the technical bid | | |
| 9- | Bankers certificate regarding running bank account, if bidder has submitted Bid for the first time | | |
| 10- | The required copy of audited financial statements are enclosed with the technial bid | | |
| 11- | Whether the technical and financial bid have been subimitted in differnt envelopes | | |
| 12- | Whether annexure – A,B,C&D have been downloaded, signed and submitted with the technical bid | | |
| 13- | Whether agreed with all Bid conditions | | |

11. तकनीकी–वाणिज्यिक बोली में क्वालिफाईड/सफल बोलीदाता/संवेदक की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी।
12. उप सचिव, राज्यपाल, राजस्थान द्वारा जारी की गई खुली बोली में वर्णित सभी शर्तों से बाध्यता स्वीकार की जाती है।
13. बोली दाता की अपनी अलग से शर्तें मान्य नहीं होंगी।
14. खुली बोली दिनांक 27.02.2019 को मध्यान्ह 01.00 बजे तक स्वीकार की जावेगी तथा उसी दिन दोपहर पश्चात 3.00 बजे राजभवन में उपस्थित बोलीदाताओं/संवेदकों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
15. खुली बोली मोहर बन्द लिफाफे में प्रस्तुत करनी होंगी। जिस पर **"आठ (8) कम्प्यूटर सिस्टम मय दक्ष ऑपरेटर (मशीन विद् मैन) दर अनुबन्ध पर सेवा उपलब्ध करने हेतु खुली बोली"** अंकित किया जावेगा।

**बोलीदाता के हस्ताक्षर**
**नाम मय सील**

**लेखाधिकारी** **कन्ट्रोलर** **सहायक सचिव**

Desktop/Acc.letter/2018

परिशिष्ट "स"

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन, जयपुर

## बोली की मुख्य शर्ते

1. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013, जिसे आगे "अधिनियम" व "नियम" कहा गया है तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस संबंध में वित्त विभाग, राजस्थान द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईडलाईन, आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगे। बोलीदाता को "अधिनियम" एवं "नियम" की पूर्ण जानकारी कर लेनी चाहिए। बोली दस्तावेज तथा उपर्युक्त "अधिनियम" एवं "नियम" में किसी प्रकार की विसंगति होने पर उक्त "अधिनियम" एवं "नियम" के प्रावधान ही प्रभावी होंगे।
2. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।
3. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम–1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम–1952 एव कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम–1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ सम्बन्धित उपापन संस्था को प्रस्तुत की जायेगी।
4. संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातो में ही किया जायेगा। सम्बन्धित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खातें में जमा कराई गई राशि का विवरण सम्बन्धित उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिकों के बैंक खातों में जमा कराई गई राशि के विवरण बाबत उपापन संस्था की संतुष्टि होने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।
5. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।
6. श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय–समय पर वृद्वि होने पर उपापन संस्था द्वारा संवेदक को बढ़ी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।
7. संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं. ई.एस.आई जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा। संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ई.पी.एफ. और ई. एस.आई के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में सम्बन्धित चालान की प्रति प्रस्तुत किए जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा।
8. संवेदक द्वारा प्रत्येक कार्य स्थल पर Display Boards लगाये जायेंगे, जिन पर संवेदक का पूरा नाम, संविदा अवधि, कार्य की प्रगति, श्रमिकों हेतु नम्बर एवं संवेदक द्वारा न्यूनतम मजदूरी भुगतान नहीं करने की शिकायत करने सम्बन्धी प्रावधान का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा।
9. राज्य में लागू श्रम नियमों के अन्तर्गत अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ.एवं ई. एस. आई की राशि जमा कराने का दायित्व संवेदक का होगा।
10. संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी। सभी प्रकार के करो को जमा करवाने की जिम्मेदारी संवेदक की ही होगी। संवेदक द्वारा गत माह मे जमा कराये गये वस्तु एवं सेवा कर (GST) के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के

साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि जमा कराने के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत नहीं किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एवं सेवा कर (GST) का भुगतान नहीं किया जायेगा। उक्त स्थिति में वस्तु एवं सेवा का (GST) के सम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

**11.** श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये दिशा-निर्देशों की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा। श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों उपनियमों, अधिसूचनाओं, दिशानिर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिये संवेदक स्वंय उत्तरदायी होगा।

**12.** यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिये उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम-1948 एवं राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम-1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा।

**13.** नियोजित श्रमिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम-1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिकों को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन, छंटनी, मुआवजा आदि देने का समस्त उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

**14.** कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध/संदर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई करवाने/सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक की होगी, इसके लिये उपापन संस्था की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**15.** यदि संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत उपापन संस्था को प्राप्त होती है तो उपापन संस्था इस संबंध में श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करेगी और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में संवेदक को Debar कराने की कार्यवाही करेगी।

**16.** यदि किसी संस्था द्वारा कार्य की विशिष्ट प्रकृति के मद्देनजर किसी निर्धारित प्रतिशत में कोई अतिरिक्त राशि मानव संसाधन हेतु स्वीकृत करा रखी हो, तो उक्त अतिरिक्त राशि को न्यूनतम मजदूरी में सम्मिलित नहीं करते हुए, इसे पृथक से भुगतान हेतु अंकित किया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी उपापन संस्था द्वारा अतिरिक्त राशि के रूप में न्यूनतम मजदूरी का 10 प्रतिशत की सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर रखी है तो न्यूनतम मजदूरी के ऊपर 10 प्रतिशत का पृथक से भुगतान संवेदक को किया जायेगा। उक्तानुसार विशिष्ट कार्य करने वाले सम्बन्धित श्रमिक को 10 प्रतिशत (न्यूनतम मजदूरी का) अतिरिक्त भुगतान करने का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।

17. कम्प्यूटर सिस्टम मय दक्ष कार्मिकों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या/मात्रा की गांरटी नहीं दी जायेगी एवं उपाप्त संख्या/मात्रा में कमी या उपाप्त नहीं करने की स्थिति में बोलीदाता किसी भी दावे या प्रतिकार का हकदार नहीं होगा। कम्प्यूटर सिस्टम मय दक्ष कार्मिक की संख्या में वृद्धि होने पर अनुबंधित संवेदक/बोलीदाता द्वारा बोली की शर्त, निबंधन एवं दर आदेशित समय एवं स्थान पर कम्प्यूटर सिस्टम मय दक्ष कार्मिक उपलब्ध करवाना होगा।

18. तकनीकी-वाणिज्यिक बोली में सफल बोलीदाताओं/संवेदकों से, दर संविदाओं के अन्तिम मूल्यांकन में उनकी स्थिति के क्रम में अति महत्वपूर्ण प्रकृति/अपेक्षित संख्या में कम्यूटर सिस्टम मय दक्ष कार्मिक उपलब्ध करवाना न्यूनतम बोलीदाता की क्षमता से परे होने पर, समानान्तर दर संविदा की जा सकती है।

19. अनुबंधित बोलीदाता/संवेदक द्वारा दर संविदा के चालू रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम कीमत पर कम्प्यूटर सिस्टम मय दक्ष कार्मिक उपलब्ध करने के लिए उनकी कीमत कोट करता/कम करता है तो उस दर संविदा के अधीन कम्प्यूटर सिस्टम मय

दक्ष कार्मिक, की कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जायेगी।

20. इस सचिवालय द्वारा विद्यमान दर संविदाएं उसी कीमत, निबंधनों और शर्तों पर तीन मास से अनधिक कालावधि के लिए बढ़ाई जा सकेगी, यदि दर संविदा के अधीन कम्यूटर सिस्टम मय दक्ष कार्मिक उपाप्त किये जाने या उसके घटकों की बाजार कीमतें इस कालावधि के दौरान गिर न गयी हो।
21. बोली की विधि मान्यता बोली खुलने की तिथि से 90 दिन की अवधि के लिए होगी।
22. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या भाडे (Sub-let) पर नहीं देगा।
23. मूल्यांकन की कसौटीः तकनीकी–वाणिज्यिक बोली में सफल बोलीदाता/संवेदक की न्यूनतम कीमत के आधार पर बोली का मूल्यांकन किया जावेगा।
24. जिस बोलीदाता की बोली स्वीकार की जायेगी वह 4 दिवस में कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक उपलब्ध करायेगा।
25. बोली प्रतिभूति राशि "वित्तीय सलाहकार, राजभवन, जयपुर" के नाम पर डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक के रूप में जमा करायी जावेगी। सफल बोलीदाता के करार निष्पादन पर और कार्य सम्पादन प्रतिभूति देने पर या उपापन प्रक्रिया के निरस्तीकरण पर शीघ्र ही बोली प्रतिभूति बोलीदाताओं को लोटा दी जावेगी। बोली प्रतिभूति राशि का समपहरण (Forfeiture of Bid Security):– बोली प्रतिभूति का निम्नांलिखित मामलों में समपहरण (Forfeiture) किया जा सकेगाः–
    (I) जब बोलीदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार निष्पादित नहीं करता है।
    (II) जब बोलीदाता बोली स्वीकृति की सूचना के पश्चात कार्य सम्पादन प्रतिभूति जमा नहीं कराता है।
    (III) जब सफल बोलीदाता निर्धारित सप्लाई अवधि में कम्प्यूटर सिस्टम मय दक्ष ऑपरेटर उपलब्ध नहीं करता है।
    (IV) यदि बोली लगाने वाला अधिनियम और इन नियमों के अध्याय–6 में विनिर्दिष्ट बोली लगाने वालों के लिए विहित सत्यनिष्ठा की संहिता के किसी उपबन्ध को भंग करता है।
26. करार एवं सम्पादन प्रतिभूति (Agreement and Performance Security):–
    (I) बोली आमंत्रण में अंकित सेवा की आपूर्ति हेतु सफल बोलीदाता को बोली स्वीकृति आदेश पत्र की दिनांक से अधिकतम 7 दिन में सेवा के प्रदाय आदेश की रकम की पांच प्रतिशत राशि कार्य सम्पादन प्रतिभूति के रूप में डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जो वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर के नाम हो से जमा करानी होगी।
    (II) सफल बोली लगाने वाले की दशा में, बोली प्रतिभूति की रकम कार्य सम्पादन प्रतिभूति की रकम में समायोजित की जा सकती है या लौटायी जा सकती है यदि सफल बोली लगाने वाला पूर्ण रकम की कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि दे देता है।
    (III) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जाऐगा।
    (IV) सफल निविदादाता को निर्धारित प्रारूप में अनुबंध पत्र राशि रूपये 500/– (अक्षरे रूपये पाँच सौ मात्र) के नॉन–ज्यूडिशियल स्टेम्प पेपर पर आदेश दिनांक से 10 कार्य दिवस में सम्पादित करना होगा।
27. कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का समापहरण (Forfeiture of Work Performance Security Deposit):– कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नांकित मामलों में समपहरण (Forfeiture) किया जा सकेगाः–
    (I) जब संविदा की शर्तों का उल्लधंन किया गया हो।
    (II) जब बोलीदाता सेवा सप्लाई सन्तोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।

(III) जब बोलीदाता सेवा सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित सप्लाई अवधि में सेवा की सप्लाई आरम्भ करने में असफल रहता है तो। कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के समपहरण करने के मामलों में युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर दिया जावेगा। इस संबंध में उपापन संस्था का निर्णय अंतिम होगा।

28. भुगतान:–

(I) सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार उचित प्रारूप में बिल तीन प्रतियों में प्रस्तुत करने पर नियमानुसार भुगतान किया जावेगा। अनुबंधित बोलीदाता द्वारा प्रत्येक माह का बिल भुगतान हेतु आगामी माह के प्रारम्भ के 03 कार्य दिवस में प्रस्तुत किया जावेगा। विलम्ब से बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान में होने वाले विलम्ब के लिए अनुबंधित बोलीदाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

29. परिनिर्धारित क्षति (Liquidated Damages):– परिनिर्धारित क्षति के साथ सेवा सुपुर्दगी अवधि में वृद्धि करने के मामले में वसूली निम्नालिखित प्रतिशत के आधार पर उन स्टोर के मूल्यों के लिए की जाऐगी जिनकी बोलीदाता सेवा सप्लाई करने में असफल रहा है:–

(I) विहित सुपुर्दगी अवधि की एक चौथाई अवधि तक विलम्ब के लिए – 2.5%

(II) एक चौथाई अवधि से अधिक किन्तु आधी से अनधिक के लिए – 5%

(III) आधी अवधि से अधिक किन्तु तीन चौथाई अवधि से अनधिक के लिए – 7.5%

(IV) विहित सुपुर्दगी अवधि की तीन चौथाई अवधि से अधिक के विलम्ब के लिए– 10%

(V) परिनिर्धारित क्षति की अधिकतम राशि 10% होगी।

(VI) यदि बोलीदाता किन्हीं बाधाओं के कारण संविदान्तर्गत सेवा की सप्लाई को पूरा करने के लिए समय में वृद्धि चाहता है, तो वह लिखित में उस प्राधिकारी को आवेदन करेगा जिसने प्रदायगी आदेश दिया है। किन्तु वह, उसके लिए आवेदन, बाधा के घटित होने पर तुरन्त उसी समय करेगा न कि सप्लाई पूर्ण होने की निर्धारित तारीख के बाद करेगा।

(VII) यदि सेवा की सप्लाई करने में उत्पन्न हुई बाधा बोलीदाता के नियन्त्रण से परे कारणों से हुई हो, तो सुपुर्दगी की अवधि में वृद्धि परिनिर्धारित क्षति सहित या रहित की जा सकेगी। अनुमोदित की गई दर संविदा की कालावधि कार्यादेश दिनांक से एक वर्ष की होगी।

30. बोलीदाता लिफाफे पर "आठ (8) कम्प्यूटर सिस्टम मय दक्ष ऑपरेटर (मशीन विद् मैन) दर अनुबन्ध पर सेवा उपलब्ध करने हेतु खुली बोली" अवश्य अंकित करेगा।

31. बोलीदाता को अपने कार्यालय/निवास के दूरभाष नम्बर निविदा में देने होंगे, ताकि आवश्यक परिस्थितियों में दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सके।

32. बोली दरों में कांट–छांट नहीं की जावें।

33. बोली दरें पैन से भरी होनी चाहिए, पैंसिल से भरी गयी निविदा को रद्द कर दिया जावेगा। निविदा फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर बोलीदाता के हस्ताक्षर किये जावें।

34. बोलीदाता को अपनी दरें संलग्न सूची अनुलग्नक 'क' अनुसार प्रस्तुत करनी होंगी।

35. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में http:/sppp.rajasthan.gov.in (स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल) एवं राजभवन की साईड www.rajbhawan.rajasthan.gov.in पर भी निविदा सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

36. बोलीदाता की अलग से कोई शर्तें मान्य नही होगी।

**बोलीदाता के हस्ताक्षर**
**नाम मय सील**

| लेखाधिकारी | कन्ट्रोलर | सहायक सचिव |
|---|---|---|

परिशिष्ट (ब)

राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

<u>वित्तीय बिड प्रपत्र</u>

<u>कार्य का नाम</u>:– राजभवन, जयपुर में **आठ (08) कम्प्यूटर मय दक्ष आपरेटर (Computers along with trained personnels) उपलब्ध कराने बाबत** ।

**बोलीदाता का नाम:–**..........................................................................................
**पता:–**..........................................................................................................

| क्र. सं | कार्य की प्रकृति | कार्य हेतु आवश्यक मानव संसाधन की अनुमानित संख्या | श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी (प्रति व्यक्ति प्रति माह) | सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत दर (प्रति व्यक्ति प्रति माह) | इ.पी. एफ. दर प्रतिशत | ई.एस.आई. दर प्रतिशत | उपकरण का किराया प्रतिमाह | सेवा प्रदाता की सर्विस चार्ज राशि | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | राजभवन , जयपुर में **आठ (08) कम्प्यूटर मय दक्ष आपरेटर (Computers along with trained personnels )** उपलब्ध कराना | उच्च कुशल–आठ (8) | 7358/– प्रति व्यक्ति प्रति माह (26 दिन के लिए) | | 13% | 4.75% | | | |

नोट:– संवेदक/बोलीदाता द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवाकर (जी.एस.टी) अतिरिक्त रूप से देय होगी।

<u>घोषणा</u>

उपरोक्त समस्त दरें मैंने/हमने निविदा शर्तों का अच्छी तरह से अध्ययन कर ध्यानपूर्वक भरी है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि सचिव, राज्यपाल, राजस्थान, जयपुर का निर्णय हमारे लिये सर्वोपरि होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म उक्त कार्य हेतु (1) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग में GST पंजीयन (2) श्रम विभाग (3) आयकर विभाग में पंजीकृत है तथा फर्म द्वारा वास्तव में उक्त सेवाऐं प्रदान की जाती है तथा वांछित अनुभव है। केन्द्र सरकार/किसी राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायतशाषी संस्था/निगम आदि के द्वारा हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया हुआ है। निर्धारित प्रपत्र 'A', 'B', 'C', 'D" मुहर युक्त हस्ताक्षरित संलग्न है।

दिनाकं ......

बोलीदाता के हस्ताक्षर
एवं पूर्ण पता मय फोन नम्बर

लेखाधिकारी | कन्ट्रोलर | सहायक सचिव

Desktop/Acc.letter/2018

# राज्यपाल सचिवालय

# राजभवन,जयपुर

# सिविल लाईन, जयुपर।

कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक का विवरण, जॉब/कार्य एवं विशिष्ट शर्तें

1. Computer System-Includs the Following items with specfications
   a. Computer- Intel Core-i3 / Equivalent AMD Computer of higher, Speed, RAM 2/4 GB or higher, Hard disk 250 GB or more, 15" Monitor/TFT, 10/100/1000Mbps LAN Card, CD/DVD Writer, Standard Keyboard, Optical Mouse, Standard Serial, parallel & USB ports Windows -7 or Higher, Anti Virus, Preinstalled MS Office. Responsibility of software lience will be born by the contractor.
   b. **Printer** - Black and white laser printer with speed 15 ppm or more, For specific needs dot matrix/inkjet printer may be taken in lieu of laser printer
   c. **UPS** - Online/Offline UPS for above Computer and Printer with 30 minutes battery backup.

**2. Trained Personnel**

A- The personnel should be graduate, should have knowledge to operate computer in Windows/Linux environment, good knowledge / practice in Word Processor, Spread Sheets and Internet operations and other office related computer operations and should have sufficient speed of typing in Hindi and English

B- The Personnel shall have at least two years experience of tying in Hindi and English

3. जॉब/कार्य :– कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (आपॅरेटर) का जॉब/कार्य का विवरण इस प्रकार है।

   1. राजभवन, जयपुर में **आठ (08) कम्प्यूटर मय दक्ष आपरेटर** **(Computers with trained personnels )** उपलब्ध कराने होगें।
   2. राजभवन के अधिकृत अधिकारी के निर्देशन में कार्य करना होगा।
   3. कार्योपरान्त संबंधित अधिकृत अधिकारी से कार्य प्रमाणित कराने के आधार पर प्रतिमाह अनुमादित दरों के अनुसार भुगतान किया जाएगा।
   4. राजकीय कार्य दिवस में प्रातः 9.30 बजे से सांय 6.00 बजे तक कार्य करना।
   5. आवश्यक होने पर कार्यालय समय से पूर्व एवं पश्चात तथा राजकीय अवकाशों में भी उपस्थित हो कर निर्देशानुसार कार्य कराना होगा।
   6. हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में पर्याप्त गति से टंकण कार्य एवं प्रिन्टिंग करना।
   7. डाटा एन्ट्री का कार्य करना।
   8. एम.एस.वर्ड, एम.एस.एक्सल, पावर पॉन्ट आदि में कार्य करना।
   9. ई–मेल करना/प्राप्त करना।
   10. विभिन्न पोर्टल/मोड्यूलस में सूचनाओं को अपलोड एवं अद्यतन करना।
   11. ई–गवर्नेंस में कम्प्यूटर तकनीक पर आधारित संबंधित कार्य करना।
   12. संबंधित अधिकारी द्वारा उपर्युक्त बिन्दुओं से संबंधित एवं सूचना तकनीक से संबंधित अन्य आवंटित कार्य करना।

4. विशिष्ट शर्तें

1. स्थापित किये जाने वाले सभी उपकरण बोली में वर्णित स्तर के अनुरूप होने चाहिए। कम्प्यूटर की स्थापना के बाद उनका निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कम्प्यूटर सिस्टम अनुमोदित स्पेशीफिकेशन के अनुरूप है। जहां सिस्टम विहित स्पेशीफिकेशन के स्तर में अनुरूप नही पाया जायेगा उसे अनुरूप कराया जाना होगा।
2. उपकरण स्थापित करने के लिए स्थान एवं बिजली की फीटिंग की व्यवस्था राज्यपाल सचिवालय द्वारा की जावेगी। विद्युत व्यय का भार विभाग वहन करेगा। यह विभाग यह सुविधा भी प्रदान करेंगा कि कार्यालय बंद होने के बाद उपकरण ताले में रखे जा सके।
3. बोलीदाता को दिन प्रतिदिन कार्यालय समय अथवा कार्यालय समय के बाद या पूर्व आवश्यकता अनुसार कम्प्यूटर सेवायें जारी रखनी होगी। प्रिन्टर में प्रयुक्त होने वाले नया टोनर/नया रिबन प्रथम बार बोलीदाता द्वारा दिया जायेगा, तत्पश्चात विभाग द्वारा वहन किया जायेगा।
4. किसी भी माह के चार कार्य दिवस से अधिक कम्प्यूटर बंद नहीं रखा जावेगा। यह भी पूर्व में सूचना देकर ही किया जा सकेगा। इससे अधिक समय तक कम्प्यूटर बंद रहने पर चाहे वह ऑपरेटर की गैर हाजरी के कारण या किसी खराबी के कारण हो तो देय राशि में से प्रतिदिन आनुपातिक राशि की कटौती की जावेगी।
5. कम्प्यूटर सिस्टम को सही तरीके से कार्यरत स्थिति में संधारित रखने की पूर्ण जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी। इसके लिये किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा। यदि मरम्मत आदि की आवश्यकता होती है तो लिखित में सूचना देकर उचित समय में मरम्मत करने की जिम्मेदारी बोलीदाता की ही होगी। यदि मरम्मत में अधिक समय लगने की संभावना होगी तो बोलीदाता को तब तक अन्य उपकरण लगाने की व्यवस्था करनी होगी।
6. यदि कम्प्यूटर सिस्टम राज्यपाल सचिवालय की सन्तुष्टि के अनुसार कार्य नहीं करता है तो बोलीदाता को लिखित में सूचना देकर ठीक कराने हेतु कहा जायेगा। निर्धारित अवधि में उसे ठीक नहीं करापाने पर पन्द्रह दिन का नोटिस देकर संविदा निरस्त (Requdiate) किया जा सकेगा।
7. यदि उपकरणों की चोरी या किसी अन्य प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी राज्यपाल सचिवालय की नहीं होगी। अतः यदि बोलीदाता चाहे तो उपकरणों का बीमा करवा सकता है।
8. कम्प्यूटर सेवाओं के लिये किसी प्रकार का अग्रिम का भुगतान नहीं किया जावेगा।
9. बोलीदाता के पास इस बोली की शर्तों के अनुसार निर्धारित मापदण्डों वाले कम से कम 8 कम्प्यूटर्स का मालिकाना हक होना चाहिए। इसके प्रमाण–स्वरूप कम्प्यूटर क्रय करने के बिल प्रस्तुत किये जा सकते है अथवा कार्यादेश मिलने की स्थिति में कम्प्यूटर क्रय कर उपलब्ध कराने का रू. 50/– के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।
10. भुगतान मासिक तौर पर महीना समाप्ति के बाद संतोषप्रद रूप से कार्य सम्पन्न किये जाने पर सीधे बैंक खाते में कोषालय के माध्यम से किया जायेगा। तथा वसूलियां यदि कोई हो तो उन्हें प्रभावित किया जावेगा।
11. समस्त विधिक कार्यवाही, यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो तो किसी भी प्रकार पक्षकार (राज्यपाल सचिवालय या बोलीदाता) द्वारा राजस्थान में स्थित न्यायालयों में ही पेश की जाएगी, अन्य स्थान पर पेश नहीं की जाएगी।
